# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:08 AUGUST. 2025

# एमसीयू में लागू हुआ फीडबैक सिस्टम

**भोपाल.** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं. छात्रों के अनुभवों और सुझावों को महत्व देते हुए पहली बार स्टूडेंट फीडबैक सिस्टम लागू किया गया है. यह व्यवस्था कुलगुरु विजय मोनाहर तिवारी के निर्देश पर शुरू की गई है. इस प्रणाली के तहत छात्र अब विश्वविद्यालय में संचालित प्रत्येक व्यवस्था पर अपना फीडबैक दे सकेंगे. चाहे वह क्लासरूम टीचिंग हो, फैकल्टी का व्यवहार हो या परिसर की सुविधाएं ही क्यों न हो. विद्यार्थियों को एक ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा. उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी, ताकि वह बिना संकोच अपनी राय साझा कर सकें. ऑनलाइन फॉर्म में छात्रों को अपना नाम, विभाग का नाम, कोर्स, सेमेस्टर और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा.

**NEWS CLIPPING SERVICE**
**FROM 'MCNUJC LIBRARY**
**'NAVBHARAT'08**
**AUGUST.2025**

दैनिक भास्कर भोपाल 08-08-2025

# एमसीयू में सांध्यकालीन पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश शुरू

भोपाल| माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) ने अपने एम.पी. नगर स्थित परिसर में कंप्यूटर, मीडिया और योग से जुड़े विभिन्न सांध्यकालीन पीजी डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन कोर्स में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तय की गई है।

विश्वविद्यालय के प्रवेश निदेशक शलभ श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि ये कोर्स विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए हैं, जो किसी भी विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं और अपने कौशल में इजाफा करना चाहते हैं। कोर्स अंशकालीन और सांध्यकालीन हैं, जिससे विद्यार्थी अपने रेगुलर स्टडी शेड्यूल के साथ-साथ इन्हें आसानी से कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में योगिक हेल्थ मैनेजमेंट (योग), सोशल मीडिया मैनेजमेंट, फिल्म जर्नलिज्म, मोबाइल जर्नलिज्म, ग्रामीण पत्रकारिता, वीडियो प्रोडक्शन, इवेंट मैनेजमेंट, ड्रामा एंड एक्टिंग और सायबर सिक्योरिटी जैसे कोर्स शामिल हैं।

# एमसीयू के सांध्यकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ

भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के एमपी नगर स्थित परिसर में कंप्यूटर, मीडिया और योग विषयों के सांध्यकालीन पीजी डिप्लोमा में प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। अपने कौशल को बढ़ाने और अतिरिक्त योग्यता प्राप्त करने के लिए किसी भी विषय में स्नातकोत्तर (पीजी) कर रहे विद्यार्थी इन अंशकालीन-सांध्यकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते है। विवि के प्रवेश (निदेशक) शलभ श्रीवास्तव ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 31 अगस्त तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। -नप्र

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAVDUNIYA'08 AUGUST.2025